**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need tp provide Adhaar card to Leprosy patients and visually and physically challenged persons

**श्री हरीशचद्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती)** ः केद्र सरकार भ्रऐटाचार को कम कर पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए सभी सरकारी योजनाओं और खातों आदि को आधार से जोड़ने हेतु युद्ध स्तर पर प्रयास कर रही है, लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में रह रहे लाखों कुऐठ रोगी इस सुविधा से वंचित हैं। विदित हो कि आधार पंजीकरण के लिए व्यक्ति की उंगलियों के निशान आवश्यक हैं, किंतु कुऐठ रोगियों की उंगलियाँ बीमारी के कारण खराब हो जाती हैं, जिससे उनका आधार पंजीकरण नहीं हो पाता। इस कारण जिन लोगों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की सबसे अधिक आवश्यकता है वही लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। साथ ही साथ ऐसे विशेऐ रूप से सक्षम व्यक्ति (दिव्यांग) जिनके हाथ या आंख नहीं हैं, उन्हें भी बायोमैट्रिक बाध्यता के कारण आधार कार्ड की सुविधाओं से वंचित होना पड़ता है।

अतः मैं केंद्र सरकार से यह माँग करता हूँ कि उपरोक्त संदर्भ के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करने का कऐट करें।